रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)—73

REGISTERED NO. D (D. N.)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 20] नई दिल्ली, शनिवार, मई 18, 1985/वैशाख 28, 1907
No. 20] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 18, 1985/Vaisakha 28, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

कार्मिक और प्रशिक्षण, प्रशासनिक सुधार तथा लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, 1 मई, 1985

का.आ. 2097.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 148 के खण्ड (5) के साथ पठित अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय संपरीक्षा और लेखा विभाग में सेवारत व्यक्तियों के संबंध में नियंत्रक महालेखा परीक्षक से परामर्श करने के पश्चात, केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन संराशीकरण) नियम, 1981 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन संराशीकरण) (संशोधन) द्वितीय नियम, 1985 है ।

(2) ये राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगें ।

2. केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन संराशीकरण) नियम, 1981 में —

(1) नियम 6 के उपनियम (1) में परन्तुक के पश्चात निम्नलिखित और परन्तुक अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:—

"(ग) नियम 13 के उपनियम (3) द्वारा शासित किसी ऐसे आवेदक की दशा में जिसके मामले में पेंशन का संराशीकृत मूल्य उसकी सेवा निवृत्ति की तारीख के अगले दिन देय हो जाता है, संराशीकरण के कारण पेंशन की रकम में कमी उसके प्रारम्भ मे प्रवर्तित होगी। तथपि, जहां पेंशन के संराशीकृत मूल्य का संदाय सेवा निवृत्ति की तारीख के पश्चात् एक मास के भीतर नहीं किया जा सका है, वहां निवृत्ति की तारीख के अगले दिन और उस तारीख की जिसको पेंशन के संराशीकृत मूल्य

का केन्द्रीय सरकार लेखा प्राप्ति और संदाय) नियम, 1983 के नियम 49 के निबंधनों के अनुसार संदाय किया गया, माना जाता है, पूर्ववर्ती तारीख के बीच वाली [redacted] लिए मासिक पेंशन का अन्तर लेखा [redacted] द्वारा प्राधिकृत किया जाएगा ।"

2. नियम 15 के उपनियम (3) में, खण्ड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखा जाएगा, अर्थात :—

"(ख) (1) लेखा अधिकारी प्ररूप 1 क में दी गई जानकारी आवश्यक सत्यापन करने के पश्चात्—

(क) कार्यालय अध्यक्ष को बिल प्रस्तुत किए जाने पर पेंशन के संराशीकृत मूल्य की रकम निकालने के लिए और पेंशनभोगी को चैक/ड्राफ्ट जिस पर, (सेवा निवृत्ति की तारीख से अगली तारीख) के पूर्व संदेय नहीं", लिखा होगा, देने के लिए प्राधिकृत करेगा ।

(ख) पेंशन संदाय आदेश के दोनों प्रभागों में (1) कुल पेंशन ;

(2) संराशीकृत पेंशन की रकम, और (3) यह तथ्य कि पेंशन का संराशीकृत मूल्य आहरण और संवितरक अधिकारी द्वारा पृथक रूप से प्राधिकृत किया गया है, उपदर्शित करेगा ;

(ग) तत्समान रूप से उसके प्रारम्भ से मासिक पेंशन कम करेगा ;

(घ) सेवा निवृत्त सरकारी सेवक को पेंशन के संराशीकृत मूल्य का संदाय किए जाने का एक टिप्पण उसकी सेवा पंजिका में करेगा, और

(ङ) जहां पेंशन के संराशीकृत मूल्य का संदाय सेवा निवृत्ति की तारीख के पश्चात् पहले मास के भीतर नहीं किया गया है और विलम्ब पेंशनभोगी की ओर से हुआ नहीं माना जा सकता है, वहां लेखा अधिकारी कार्यालय अध्यक्ष को सेवा-निवृत्ति की तारीख के अगले दिन और उस तारीख की, जिसको पेंशन के संराशीकृत मूल्य का, केन्द्रीय सरकार लेखा (प्राप्ति और संदाय) नियम, 1983 के नियम 49 के निबंधनों के अनुसार संदाय किया गया माना जाता है, पूर्ववर्ती तारीख के बीच वाली अवधि के लिए मासिक पेंशन के अन्तर के संदाय के लिए प्राधिकार पत्र जारी करेगा ।

(II) लेखा अधिकारी आवेदक को वह तारीख सूचित करेगा जिसको पेंशन संदाय आदेश संवितरक प्राधिकारी को भेजा गया है ।

(III) लेखा अधिकारी कार्यालय अध्यक्ष से वह तारीख जिसको पेंशन के संराशीकृत मूल्य का चैक/ड्राफ्ट आवेदक को सौंपा गया है; सूचित करने के लिए भी अनुरोध करेगा ।"

3 प्ररूप 1 क के भाग 1 में, अन्त में दिए गए टिप्पणी का लोप किया जाएगा ।

[सं. 34/6/84-पेंशन एकक]

साधू राम अहीर, उप सचिव

टिप्पणी : मूल नियम कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग की अधिसूचना सं. 6(4)-पेंशन(क)/79 तारीख 23-3-1981 द्वारा पुन: स्थापित किए गए थे और भारत के राजपत्र, भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (ii) तारीख 11-4-84 में का. आ. 1134 के रूप में प्रकाशित किए गए थे । बाद में इनका कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग की अधिसूचना सं. 34/1/81-पेंशन एकक तारीख 8 जुलाई 1983 द्वारा संशोधित किया गया ।

MINISTRY OF PERSONNEL & TRAINING,

ADMINISTRATIVE REFORMS AND PUBLIC GRIEVANCES and PENSION

(Department of Pension & Pensioners' Welfare)

New Delhi, the 1st May, 1985

S.O. 2097.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 read with clause (5) of article 148 of the Constitution and after consultation with the Comptroller and Auditor General in relation to persons serving in the Indian Audit and Accounts Department, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Civil Services (Commutation of Pension) Rules, 1981, namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Civil Services (Commutation of Pension) (Second Amendment) Rules, 1985.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Civil Services (Commutation of Pension) Rules, 1981—

(1) in rule 6, in sub-rule (1) at the end of the proviso, the following shall be inserted, namely :—

"(C) in the case of an applicant governed by sub-rule (3) of rule 13 in whose case the commuted value of pension becomes payable on the day following the date of his retirement, the reduction in the amount of pension on account of commutation shall be operative from its inception. Where, however, payment of commuted value of pension could not be made within the first month after the date of retirement, the difference of monthly pension for the period between the day following the date of retirement and the date preceding the date on which the commuted value of pension is deemed to have been paid in terms of rule 49 of the Central Government Accounts (Receipts and Payments) Rules, 1983, shall be authorised by the Accounts Officer.";

(2) in rule 15, in sub-rule (3), for clause (b) the following clause shall be substituted, namely :—

"(b)(i) The Accounts Officer after necessary verification of the information furnished in Form 1A shall

(A) authorise the Head of Office to draw the amount of commuted value of pension on submission of a bill to him and hand over the cheque/draft superscribed 'Not payable before the ————"(date following the date of retirement) to the pensioner;

(B) indicate in both the halves of the Pension Payment Order (1) the gross pension; (2) the amount of pension commuted; and (3) the fact that the commuted value of pension has been authorised separately through the Drawing and Disbursing Officer;

(C) correspondingly reduce the monthly pension from its inception;

(D) make a note of payment of the commuted value of pension having been made to the retiring Government servant in his Service Book; and

(E) where the payment of commuted value of pension has not been made within the first month after the date of retirement and the delay is not attributable to the pensioner, the Accounts Officer shall issue an authority to the Head of Office for the payment of the difference of monthly pension for the period between the day following the date of retirement and the date preceding the date on which the commuted value of pension is deemed to have been paid in terms of rule 49 of the Central Government Accounts (Receipts and Payments) Rules, 1983.

(ii) The Accounts Officer shall intimate to the applicant the date on which the Pension Payment Order has been despatched to the disbursing authority.

(iii) The Accounts Officer shall also request the Head of Office to intimate the date on which the cheque/draft of the commuted value of the pension has been handed over to the applicant.'

3. In Form IA, in Part I, the note at the end shall be omitted.

[No. 34/6/84-Pension Unit]

S. R. AHIR, Dy. Secy.

NOTE.—The Principal Rules were introduced by Department of Personnel & Administrative Reforms Notification No. 6(4)-Pen(A)/79, dated 23-3-1981 and published as SO 1134 in Part II, Section 3, Sub-Section (ii) of the Gazette of India, dated 11-4-1981. Subsequently, amended by Department of Personnel and Administrative Reforms Notification No. 34/1/81-Pension Unit dated 8th July, 1983 and No. 34(5)/83-Pension Unit dated 17-4-'85.

नई दिल्ली, 2 मई, 1985

आदेश

का. आ. 2098:—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब सरकार की सहमति से, भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 121, 121क, 122, 123, 124क, 153, 153ख, 302, 307, 332, 333, और 353, आयुध अधिनियम, 1959 (1959 का 54) की धारा 25 तथा विस्फोटक अधिनियम, 1884 (1884 का 4) की धारा 5 की उपधारा (3) के अधीन दण्डनीय अपराधों के और उक्त अपराधों के संबंध में या उससे संबंधित प्रयत्नों दुष्प्रेरणों और षड्यंत्रों के तथा पंजाब राज्य में पुलिस सिविल लाइंस पटियाला में रजिस्ट्रीकृत अपराध सं. 178/84 तारीख 6 जून, 1984 के संबंध में वैसे ही तथ्यों से उत्पन्न वैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए किसी अन्य अपराध के अन्वेषण के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तारण सम्पूर्ण पंजाब राज्य पर करती है।

[संख्या 228/7/85-ए०वी०डी० (II)]

New Delhi, the 2nd May, 1985

ORDER

S.O. 2098.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the Government of Punjab hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Punjab for the investigation of offences punishable under section 121, 121-A, 122, 123, 124-A, 153, 153B, 302, 307, 332, 333 and 353 of the Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860); sections 25 and 27 of the Arms Act, 1959 (54 of 1959); and sub-section (3) of section 5 of the Explosives Act, 1884 (4 of 1884) and attempts, abetments and conspiracies in relation to or in connection with the said offences and any other offence committed in the course of the same transaction arising out of the same facts in regard to Crime No. 178/84 dated 6-6-84 registered at Police State Civil Lines, Patiala in the State of Punjab.

[No. 228/7/85-AVD. II]

आदेश

का० आ० 2099:—केन्द्रीय सरकार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आन्ध्र प्रदेश सरकार की सहमति से भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 436, 326 और 302 के अधीन दण्डनीय अपराधों के और उक्त अपराध के संबंध में या उनसे संबंधित प्रयत्नों दुष्प्रेरणों और षड्यंत्रों के तथा तारीख 10 और 11 अगस्त 1981 के बीच वाली रात को करीमनगर शहर (आं.प्र.) में कोलीपाका नामपल्ली के घर जलाने और उनकी पत्नी तथा चार अन्य व्यक्तियों की मृत्यु की बाबत पुलिस थाना करीमनगर शहर (आं.प्र.) में रजिस्ट्रीकृत आपराधिक मामला सं. 179/81 तारीख 11 अगस्त, के संबंध में वैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए उन्हीं तथ्यों से उदभूत किसी अन्य अपराध के अन्वेषण के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तारण सम्पूर्ण आन्ध्र प्रदेश राज्य पर करती है।

[संख्या 228/9/85-ए०वी०डी० (II)]

एम.एस. प्रसाद, अवर सचिव

ORDER

S.O. 2099.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the Government of Andhra Pradesh, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Andhra Pradesh for the investigation of offences punishable under sections 436, 326 and 302 of the

Indian Penal Code, 1860(45 of 1860) & attempts abetments & conspiracies in relation to or in connection with the said offences and any other offences committed in the course of same transaction in regard to Criminal Case No. 179|81, dated the 11th August, 1981, registered at Police State Karimnagar Town (A.P.) in regard to burning of the house of Kolipaka Nampalli and the death of his wife and four others in Karimnagar Town (A.P.), on the intervening night of 10th and 11th August, 1981.

[No. 228|9|85-AVD. II]

M. S. PRASAD, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 4 फरवरी, 1985

आयकर

का. आ. 2100—आयकर अधिनियम, राजकोट 1961 (1961 का 43) की धारा 138 की उपधारा (1) के खंड (क) के उपखंड (1) के अनुसरण मे केन्द्र सरकार आयुक्त नगरनिगम राजकोट को अथवा प्रत्येक विशिष्ट मामले मे उसके द्वारा लिखित में विधिवत् प्राधिकृत किसी अधिकारी को उक्त खंड के प्रयोजनार्थ एतदद्वारा प्राधिकृत करती है ।

[सं० 6139/फा०सं० 225/8/84-आ०क०नि० II]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 4th February, 1985

INCOME-TAX

S.O. 2100.—In pursuance of sub-clause (1) of clause (a) of sub-section (1) of Section 138 of the Income-tax, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes hereby authorises the Commissioner, Municipal Corporation, Rajkot, or any other duly authorised by him in writing in respect of each specific case for the purposes of said sub-clause.

[No. 6139|F. No. 225|8|84|ITA. II]

का. आ. 2101—आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 138 की उपधारा (1) के खंड (क) के उपखंड (ii) के अनुसरण में केंद्र सरकार निदेशक/महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार विरोध ब्यूरो महाराष्ट्र सरकार का अथवा प्रत्येक विशिष्ट मामले में लिखित में उसके द्वारा विधिवत् प्राधिकृत किसी अधिकारी को उक्त खंड के प्रयोजनार्थ एतद्द्वारा विनिर्दिष्ट करती है ।

[सं० 6135/फा०सं० 225/144/84-आ०क०नि० II]

S.O. 2101.—In pursuance of sub-section (ii) of clause (a) of sub-section (1) of Section 138 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby specifies the Director|I.G.P., Anti Corruption Bureau, Government of Maharashtra or any other Officer duly authorised by him in writing in respect of each specific case for the purpose of the said sub-clause.

[No. 6135|F. No. 225|144|84-ITA. II]

का. आ. 2102 :—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 138 की उपधारा (1) के खंड (क) के उपखंड (ii) के अनुसरण में केंद्र सरकार पंजीयक सहकारी समितियां सचिवालय गांधीनगर अहमदाबाद को अथवा प्रत्येक मामले में उसके द्वारा लिखित में विधिवत् प्राधिकृत किसी अधिकारी को उक्त खंड के प्रयोजनार्थ एतदद्वारा प्राधिकृत करती है ।

[सं० 6136/फा०सं० 225/39/84-आ०क०नि०-II]

S.O. 2102.—In pursuance of sub-clause (ii) of clause (a) of sub-section (1) of Section 138 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises the Registrar of Co-op. Societies, Sachivalaya, Gandhi Nagar, Ahmedabad, or any other officer duly authorised by him in writing in respect of each specific case for the purpose of the said sub-clause.

[No. 6136|F. No. 225|39|84-ITA. II]

का. आ. 2103 :—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 138 की उपधारा (1) के खंड (क) के उपखंड (ii) के अनुसरण में केन्द्र सरकार ने निदेशक पुलिस महानिरीक्षक सतर्कता ब्यूरो पंजाब पटियाला को अथवा प्रत्येक मामले में उसके द्वारा लिखित मे विधिवत् प्राधिकृत किसी अधिकारी को उक्त खंड के प्रयोजनार्थ एतदद्वारा प्राधिकृत करती है ।

[सं. 6137/फा. सं. 225/91/84-आ.क.नि. II]

S.O. 2103.—In pursuance of sub-clause (ii) of clause (a) of sub-section (1) of section 138 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises the Director|I.G.P., Vigilance Bureau of Punjab, Patiala or any officer duly authorised in writing by him in each specific case, for the purposes of the said sub-clause.

[No. 6137|F. No. 225|91|84-ITA. II]

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 1985

का. आ. 2104 :—आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 138 की उपधारा (1) के खंड (क) के उपखंड (ii) के अनुसरण में केंद्र सरकार एतदद्वारा निदेशक, भ्रष्टाचार निरोध ब्यूरो हैदराबाद आंध्रप्रदेश सरकार और उक्त उपखंड के प्रयोजनार्थ विशिष्ट मामले के संबंध में उसके द्वारा लिखित रूप में विधिवत प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को विनिर्दिष्ट करती है ।

[सं. 6196/फा.सं. 225/153/84-आ.क.नि. II]

दलीप सिंह, विशेष कार्य अधिकारी

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

New Delhi, the 17th April, 1985

S.O. 2104.—In pursuance of sub-clause (ii) of clause (a) of sub-section (1) of section 138 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby specifies the Director, Anti Corruption Bureau, Hyderabad, Government of Andhra Pradesh and any other officer duly authorized by him in writing in respect of a specific case for the purpose of the said sub-clause.

[No. 9196|F. No. 225 153|84|ITA. II]

DALIP SINGH, Officer on Special Duty,

Central Board of Direct Taxes

नई दिल्ली, 15 अप्रैल, 1985

आयकर

का. आ. 2105.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 की 43) की धारा 2 के खंड (44) के उपखंड (iii) का अनुसरण करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा, नीचे स्तम्भ 4 में उल्लिखित अधिसूचना (अधिसूचनाओं) का अधिलंघन करते हुए, नीचे स्तम्भ 3 मे उल्लिखित कर वसूली अधिकारियों के स्थान पर नीचे स्तम्भ 2 में उल्लिखित व्यक्तियों को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अंतर्गत कर वसूली अधिकारी (अधिकारियों) की शक्तियों का प्रयोग करने के के लिए प्राधिकृत करती है :—

क्रम सं.	उन व्यक्तियों के नाम जिन्हें कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किया जाना है	उन कर वसूली अधिकारी (अधिकारियों) के नाम जिनके स्थान पर स्तम्भ 2 में उल्लिखित व्यक्तियों को प्राधिकृत किया जाना है	अधिलंघन की जाने वाली पुरानी अधिसूचना की संख्या और तारीख
1	2	3	4
1.	श्री एम. के. मालवीय	श्री एम. वी. भिसे	सं. 5189 [फा० सं. 698/16/83-अ. क. (ब.)] दिनांक 19-5-83।
2.	श्री पी. पी. पाटनकर	श्री सी. ए. वास्निक	सं. 4489 [फा. सं. 398/19/81-आ. क. (ब.)] दिनांक 25-2-82।

2. यह अधिसूचना तत्काल लागू होगी और जहां तक स्तम्भ 2 में उल्लिखित व्यक्तियों का संबंध है, कर वसूली अधिकारियों के रूप में उनके कार्यभार संभालने की तारीख (तारीखों) से लागु होगी ।

[सं. 6194 (फा. सं 398/9/85-आ. का (ब.)]
बी. ई. अलेक्जेंडर, अवर सचिव

New Delhi, the 15th April, 1985

INCOME TAX

S.O. 2105.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises the persons mentioned below column 2, being the Gazetted Officers of the Central Government, to exercise the powers of Tax Recovery Officer(s) under the said Act in place of the Tax Recovery Officers mentioned below in column 3 in supersession of the Notification (s) mentioned below in column 4 :

S.No.	Name of the persons to be authorised to exercise powers of Tax Recovery Officer(s)	Name of Tax Recovery Officer(s) in place of whom the persons mentioned in column 2 are to be authorised	Old Notification No. and date to be superseded
1	2	3	4
	S/Shri	S/Shri	
1.	S K. Malviya	M.V. Bhise	No. 5189 [F.No.398/16/83-IT (B)], dt. 19-5-83
2.	P.P. Patankar	C.A. Wasnik	No. 4489 [F. No. 398/19/81-IT (B)], dt. 25-2-82

2. This Notification shall come into force with immediate effect and in so far as persons mentioned in column 2 from the date(s) take over charge(s) as Tax Recovery Officers.

[No. 6194 (F. No. 398/9/85-IT (B)]
B.E. ALEXANDER, Under Secy.

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 26 अप्रैल, 1985

(आयकर)

का. आ. 2106.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिये एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात्, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर नियम, 1962 के नियम के 6 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (ii) के प्रयोजनों के लिये अन्य प्राकृतिक तथा अनुप्रयुक्त विज्ञानों के क्षेत्र में "संस्था" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

1 यह कि श्री चित्रा तिरुनल इंस्टिट्यूट फार मैडिकल साइंसेज एंड टैक्नालाजी, त्रिवेन्द्रम वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये उसके द्वारा प्राप्त राशियो का पृथक लेखा रखेगी ।

2. यह कि उक्त संस्था अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी, विहित प्राधिकारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररुप में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिये अधिकथित किया जाए और उसे सूचित किया जाए।

3. यह कि उक्त संस्था अपनी कुल आय तथा व्यय दर्शाते हुए अपने संपरीक्षित वार्षिक लेखों की तथा अपनी परिसंपत्तियों, देनदारियां दर्शाते हुए तुलन-पत्र की एक-एक प्रति, प्रतिवर्ष 30 जून तक विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगी तथा इन दस्तावेजों में से एक-एक प्रति संबंधित आयकर आयुक्त को भेजेगी।

संस्था

"श्री चित्रा तिरुनल इंस्टिट्यूट फार मैडिकल साइंसेज एंड टैक्नालाजी, त्रिवेन्द्रम"

यह अधिसूचना 21 फरवरी, 1983 से 20 फरवरी, 1986 तक तीन साल की अवधि के लिये प्रभावी है।

[सं. 6208 (फा. सं. 203/242/82-आ. का.नि.II)]

गिरीश दवे, अवर सचिव

New Delhi, the 26th April, 1985

INCOME-TAX

S.O. 2106.—It is hereby notified for general information that the Institution mentioned below has been approved by Department of Science & Technology, New Delhi, the Prescribed Authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with Rule 6 of the Income tax Rules, 1962 under the category Institution" in the area of other natural and applied sciences, subject to the following conditions :—

(i) That the Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences & Technology, Trivandrum will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research.

(ii) That the said Institution will furnish annual returns of its scientific research activities to the Prescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April each year.

(iii) That the said Institution will submit to the Prescribed Authority by 30th June each year a copy of their audited annual accounts showing their total income and expenditure and balance sheet showing its assets and liabilities with a copy of each of these documents to the concerned Commissioner of Income-tax.

INSTITUTION

"Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences & Technology, Trivandrum."

This Notification is effective for a period of three years from 21st February, 1983 to 20th February, 1986.

[No. 6208 F. No. 203/242/82-ITA. II]

GIRISH DAVE, Under Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 27 अप्रैल, 1985

का. आ. 2107 :— भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 8 की उपधारा (4) के साथ पठित उपधारा (1) के खंड (क) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा डा. पी. डी. ओझा को 29 अप्रैल, 1985 से आरम्भ होने वाली और 28, अप्रैल 1990 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये भारतीय रिजर्व बैंक के उप गवर्नर के रुप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ. 7/4/85-बी.ओ.-I]

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 27th April, 1985

S.O. 2107.—In pursuance of clause (a) of sub section (1), read with sub-section (4) of section 8 of the Reserve Bank of India Act, 1934 (2 of 1934), the Central Government hereby appoints Dr. P. D. Ojha as Deputy Governor of the Reserve Bank of India for the period commencing on April 29, 1985 and ending with April 28, 1990.

[No. F. 7/4/85-BO. I]

का. आ. 2108 :—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम 1970 के खंड 8 के उपखंड (i) के साथ पठित खंड 3 के उपखंड (क) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात्, श्री एम. एन. गोईपोड़िया को 29 अप्रैल, 1985 से आरम्भ होने वाली और 28 अप्रैल, 1988 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के प्रबंध निदेशक के रुप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ. 9/23/85-बी. ओ. -I(i)]

S.O. 2108.—In pursuance of sub-clause (a) of clause 3, read with sub-clause (1) of clause 8, of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby appoints Shri M. N. Goiporia as the Managing Director of Central Bank of India for a period commencing on April 29, 1985 and ending with April 28, 1988.

[No. F. 9/23/85-BOI(i)]

का. आ. 2109 :—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम, 1970 के खंड 7 के साथ पठित खंड 5 के उपखंड (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, भारतीय

रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात् श्री एम. एन. गोई-पोड़िया को जिन्हें 29 अप्रैल, 1985 से सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है, उसी तारीख से सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ. 9/23/85-बी. ओ.-I(2)]

S.O. 2109.—In pursuance of sub-clause (1) of clause 5, read with clause 7 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby appoints Shri M. N. Goiporia, who has been appointed as Managing Director of Central Bank of India with effect from April 29, 1985 to be the Chairman of the Board of Directors of Central Bank of India with effect from the same date.

[No. F. 9/23/85-BO.-I(2)]

का आ. 2110—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम, 1970 के खंड 8 के उपखंड (i) के साथ पठित खंड 3 के उपखंड (क) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात श्री प्रेमजीत सिंह को 29 अप्रैल, 1985 से आरम्भ होने वाली और 28 अप्रैल, 1988 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ. 9/23/85-बी.ओ.-I (3)]

S.O. 2110.—In pursuance of sub-clause (a) of clause 3, read with sub-clause (1) of clause 8, of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby appoints Shri Premjit Singh as the Managing Director of Bank of Baroda for a period commencing on April 29, 1985 and ending with April 28, 1988.

[No. F. 9/23/85-BO.-I(3)]

का. आ. 2111—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम, 1970 के खंड 7 के साथ पठित खंड 5 के उपखंड (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात श्री प्रेमजीत सिंह को जिन्हें 29 अप्रैल, 1985 से बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है, उसी तारीख से बैंक आफ बड़ौदा के निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ. 9/23/85-बी.ओ.-I(4)]

एस. एस. हसूरकर, निदेशक

S.O. 2111.—In pursuance of sub-clause (1) of clause 5, read with clause 7, of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby appoints Shri Premjit Singh, who has been appointed as Managing Director of Bank of Baroda with effect from April 29, 1985 to be the Chairman of the Board of Directors of Bank of Baroda with effect from the same date.

[No. F. 9/23/85-BO.-I(4)]

S. S. HASURKAR, Director

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली 18 मई, 1985

का० आ 2112.—केन्द्रीय सरकार निर्यात (क्वालिटी और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैसर्स इन्सपैक्शन सर्वे तथा सर्विलेंस (इण्डिया) प्राइवेट लिमिटेड, 26 डी/27 पार्क लेन, कलकत्ता-700016 को इससे उपाबद्ध अनसूची में विनिर्दिष्ट खनिज तथा अयस्क ग्रुप-II का निर्यात से पूर्व निरीक्षण करने के लिए अधिकरण के रूप में इन शर्तों के अधीन रहते हुए 24 मार्च, 1985 से एक और वर्ष की अवधि के लिए मान्यता देती है कि खनिज तथा अयस्क ग्रुप-II के निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1965 के नियम 4 के उपनियम (4) के अधीन निरीक्षण प्रमाणपत्र देने के लिए संगठन द्वारा चलाई गई निरीक्षण पद्धति की जांच करने के लिए निर्यात निरीक्षण परिषद् के किसी भी अधिकारी को पर्याप्त सुविधाएं देगी।

अनूसूची

1. मैंगनीज डायाक्साइड
2. कोयनाईट
3. सिलीमिनाइट
4. जिंक सांद्रित चूर्ण सहित जिंक अयस्क
5. डैड बर्नट तथा केलसिड मैंगसाइट सहित मैंगनेसाइट
6. बैराट्स
7. लाल आक्साइड
8. पीला गैरिक
9. स्टेटाइट
10. फैल्डस्टार

[फा० सं० 5/11/83-ई-आई एण्ड ई-पी]

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 18th May, 1985

S.O. 2112.—In exercise of the powers conferred by section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby recognises for a further period of one year with effect from 24th March, 1985 M/s. Inspection Survey & Surveillance (India) Pvt. Ltd., 26D/27, Park Lane, Calcutta-700016, as an agency for inspection of the Mineral and Ores Group II specified in Schedule annexed hereto prior to export subject to the condition that the organisation shall give adequate facilities to any officer of the Export Inspection Council to examine the method of inspection followed by the organisation in granting the certificate of inspection under sub-rule (4) of rule 4 of the Export Minerals and Ores Group-II (Inspection) Rules, 1965.

SCHEDULE

1. Manganese Dioxide
2. Keynite
3. Sillimanite
4. Zinc Ores, including Zinc concentrates
5. Magnesite, including dead-burnt and calcined magnesite.

6. Barytes
7. Red Oxide
8. Yellow Ochre
9. Steatite
10. Feldsper

[F. No. S 5|11|83-EI&EP]

का० आ० 2113—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार मैसर्स इन्सपैक्शन सर्वे एण्ड सर्विलैंस (इण्डिया) प्राईवेट लिमिटेड, 26 डी/ 27, पार्क लेन, कलकता-700016 को भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 1270, तारीख 25 मार्च, 1966 की अनुसूची-II में अकार्बनिक रसायनों का निर्यात से पूर्व निरीक्षण करने के लिए अभिकरण के रूप में इन शर्तों के अधीन रहते हुए, 24 मार्च, 1985 से एक और वर्ष की अवधि के लिए मान्यता देती है कि अकार्बनिक रसायन के निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1966 के नियम 4 के उप-नियम (4) के अधीन निरीक्षण प्रमाण पत्र देने के लिए संगठन के द्वारा चलाई गई निरिक्षण पद्धति की जांच करने के लिए निर्यात निरीक्षण परिषद् के किसी भी अधिकारी को पर्याप्त सुविधाएं देगी।

[फा० सं० 5/11/83-ई आई एण्ड ई पो]

एन० एस० हरिहरन, निदेशक

S.O. 2113.—In exercise of the powers conferred by section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby recognises for a further period of one year with effect from 24th March, 1985 M|s. Inspection Survey & Surveillance (India) Pvt. Ltd. 26D|27, Park Lane, Calcutta-700016 as an agency for inspection of the Inorganic Chemicals specified in Schedule II annexed to the notification of the Government of India, Ministry of Commerce No. S.O. 1270 dated the 25th March 1966 prior to their export subject to the condition that the organisation shall give adequate facilities to any officer of the Export Inspection Council to examine the method of inspection followed by the organisation in granting the certificate of inspection under sub-rule (4) of rule 4 of the Export of Inorganic Chemicals (Inspection) Rules, 1966.

[F. No. 5|11|83-EI&EP]
N. S. HARIHARAN, Director

(मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात का कार्यालय)

(बी. एल. अनुभाग)

नई दिल्ली, 2 मई, 1985

आदेश

का. आ. 2114—श्री किशोर उधाराम लूथरिया, 48, पाली हिल, बांदरा, बम्बई-400050 को मर्सीडीज बेंज 240-डी कार के आयात के लिये केवल 1,00,000/- रु. का एक सीमा-शुल्क निकासी परमिट सं. पी/जे/ 1463099, दिनांक 21-11-83 दिया गया था। आवेदक ने उपर्युक्त सीमा-शुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति जारी करने के लिये इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल सीमा-शुल्क निकासी परमिट अस्थानस्थ हो गया है। आगे यह बताया गया है कि मूल सीमा-शुल्क निकासी परमिट किसी भी सीमा-शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत नहीं किया गया था और इस प्रकार सीमा-शुल्क निकासी परमिट के मूल्य का बिल्कुल भी उपयोग नही किया गया है।

2 अपने तर्क के समर्थन में लाइसेंसधारी ने यथोचित न्यायिक प्राधिकारी के सम्मुख विधिवत् शपथ लेकर एक शपथ पत्र दाखिल किया है। तदनुसार मैं संतुष्ट हूं कि आवेदक से मूल सीमा-शुल्क निकासी परमिट सं. पी/ जे/ 1463099 दिनांक 21/11/83 खो गया है। समय-समय पर यथा-संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 दिनांक 7-12-55 के उपखंड 9 (सी सी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए श्री किशोर उधाराम लूथरिया को जारी किया गया उक्त मूल सीमा शुल्क निकासी परमिट सं. पी/ जे/ 1463099, दिनांक 21-11-83 एतद्द्वारा रद्द किया जाता है।

3. सीमा-शुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति पार्टी को अलग से जारी की जा रही है।

[सं. ए/आई-पी/175/83-84/ बी एल एस/440]

एन. एस. कृष्णामूर्ति,
उपमुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात
कृते मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

(Office of the Chief Controller of Imports & Exports)

(B. L. Section)

New Delhi, the 2nd May, 1985

ORDER

S.O. 2114.—Shri Kishore Udharam Luthria 48, Pali Hill, Bandra, Bombay-400050 was granted a Customs Clearance Permit No. P|J|1463099 dated 21-11-83 for Rs. 1,00,000 only for import of Mercedes Benz 240-D car. The applicant has applied for issue of Duplicate copy of the above mentioned Customs Clearance Permit on the ground that the original CCP has been misplaced. It has further been stated that the original CCP was not registered with any customs authority and such the value of the CCP has not been utilised at all.

2. In support of his contention, the licensee has filed an affidavit duly sworn before appropriate judicial authority. I am accordingly satisfied that the original CCP No. P|J| 1463099 dated 21-11-83 has been lost by the applicant. In exercise of the powers conferred under Sub-Clause 9(cc) of the Import (Control) Order, 1955 dated 7-12-1955 as amended from time to time, the said original CCP No. P|J|1463099 dated 21-11-83 issued to Shri Kishore U. Luthria is hereby cancelled.

3. A duplicate copy of the Customs Clearance Permit is being issued to the party separately.

[No. A|I-P|175|83-84|BLS|440]

N. S. KRISHNAMURTHY, Dy. Chief Controller of Imports & Export For Chief Controller of Imports & Exports

(वाणिज्य विभाग)

नई दिल्ली 18 मई 1985

का.आ. 2115—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 3 के साथ पठित निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के राजपत्र भाग-II खंड 3, उप-खंड (ii) तारीख 19 जनवरी, 1985 में प्रकाशित वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.आ. 156 तारीख 1 जनवरी 1985 में निम्नलिखित संशोधन करती है ।

क्रम से 14 पर दर्शित प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित रखा जाएगा :

"14. अध्यक्ष, चमड़ा निर्यात परिषद, मद्रास" ।

[फा.सं. 3(94)/75-ई-आई एण्ड ई-पी.]

एन.एस. हरिहरन, निदेशक

*का.आ. 151 तारीख 1-1-1985.

(Department of Commerce)

New Delhi, the 18th May 1985

S.O. 2115.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) read with Rule 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964, the Central Government hereby makes the following amendment in the notification No. S.O. 156 dated 1st January, 1985 published in the Gazette of India, Part II, Section 3, Sub-section (ii) dated 19th January, 1985 of Ministry of Commerce.

For the entry appearing at Sr. No. 14 the following shall be substituted :

"14. Chairman, Council for Leather Exports, Madras."

[F. No. 3(94)/75-EI&EP]

N. S. HARIHARAN, Director

*S.O. 156 dated 1-1-1985.

उद्योग और कंपनी कार्य मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 1985

का. आ. 2116—खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा आई. ए. एंड ए. एस. के अधिकारी, श्री सी. आर. भागवत को 22 मार्च, 1985 के पूर्वाह्न से 31 अगस्त, 1987 अर्थात् सरकारी सेवा से उनके सेवानिवृत्त होने की तारीख तक खादी और ग्रामोद्योग आयोग का वित्तीय सलाहकार नियुक्त करती है ।

[सं. ए-12034/3/85-के. बी. आई. (2)]

एस. बी. गोयल, उप सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY & COMPANY AFFAIRS

(Department of Industrial Development)

New Delhi, the 20th April, 1985

S.O. 2116.—In exercise of the powers conferred by Section 6 of the Khadi and Village Industries Commission Act, 1956, the Central Government hereby appoints Shri C. R. Bhagwat, an Officer of the I.A. & A.S. as Financial Adviser to the Khadi and Village Industries Commission with effect from the forenoon of 22nd March, 1985 upto 31st August, 1987, i.e., the date of his superannuation from Government Service.

[No. A-12034/3/85-KVI(II)]

S. B. GOEL, Dy. Secy.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 27 अप्रैल, 1985

आदेश

का० आ० 2117—यत: भारत सरकार, स्वास्थ्य, मंत्रालय की 7 जुलाई, 1984 की अधिसूचना संख्या वी० 11016/3/84-एम ई. (पी.) में भारत सरकार ने निदेश किया है कि "एम. बी बी.एस (कराची विश्वविद्यालय) पाकिस्तान" को चिकित्सा अर्हता को भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1956 (1956 का 102) के प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता माना जाए;

और यत: डा० गुरदास सनमुखदास गुरनानी को, जो उक्त अर्हता रखते हैं फिलहाल धर्मार्थ-कार्य के प्रयोजन के लिए स्वामी सच्चिनन्द अस्पताल, उलहासनगर के साथ सम्बद्ध किया जा रहा है ;

अत: अब उक्त अधिनियम की धारा 14 की उप-धारा (1) के परन्तुक के खण्ड (ग) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निर्देश करती है :—

(i) दो वर्ष की अवधि अथवा

(ii) वह अवधि जब तक डा. गुरदास सनमुखदास गुरनानी उक्त अस्पताल स्वामी सच्चिनन्द अस्पताल, उलहासनगर, बम्बई से सम्बद्ध रहते हैं, जो भी कम हो, उक्त डाक्टर को मैडिसिन प्रैक्टिस करने की सीमित अवधि होगी ।

[सं. वी. 11016/11/84-एम ई. (पी.)]

चन्द्र भानु, अवर सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Department of Health)

New Delhi, the 27th April, 1985

ORDER

S.O. 2117.—Whereas by the notification of the Government of India in the Ministry of Health No. V. 11016/3/84-ME(P) dated the 7th July, 1984, the Central Government has directed that the medical qualification, MBBS (University of Karachi) Pakistan shall be recognised medical qualification for the purpose of the Indian Medical Council Act, 1956 (102 of 1956);

And whereas Dr. Gurdas Sanmukhdas Gurnani, who possesses the said qualification is for the time being attached to the Swami Sarvanand Hospital, Ulhasnagar for the purposes of charitable work;

Now, therefore, in pursuance of clause (c) of the proviso to sub-section (1) of section 14 of the said Act, the Central Government hereby specifies :—

(i) a period of 2 years or

(ii) the period during which Dr. Gurdas Sanmukhdas Gurnani is attached to the said Swami Sarvanand Hospital, Ulhasnagar, Bombay whichever is shorter, as the period to which the medical practice by the aforesaid doctor shall be limited.

[No. V-11016/11/84-ME(P)]
CHANDER BHAN, Under Secy.

नई दिल्ली, मई, 1985

का०आ० 2118—यतः भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम 1970 (1970 का 48 वां) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अनुसरण में आयुर्वेद संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने डा० आर० एन० सिंह को 11 जुलाई 1984 से भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद का सदस्य निर्वाचित किया है।

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की 21 अगस्त, 1971 की अधिसूचना संख्या का० आ 3259 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात्

उक्त अधिसूचना की धारा 3 की उप-धारा 1 के खण्ड (ख) के अधीन निर्वाचित शीर्ष के अन्तर्गत अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से सम्बन्धित प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जाएंगी अर्थात्:-

1	2	3	4
"लखनऊ विश्वविद्यालय	डा आर० एन० सिंह डीन, आयुर्वेद संकाय लखनऊ,	आयुर्वेद	11-7-1984"

[फा० सी० 26013/1/84-ए० ई०]
हसीब अहमद अवर सचिव,

New Delhi, the 6th May, 1985

S.O.2111.—Whereas in pursuance of clause (b) of Sub-section (1) of section 3 of the Indian Medicine Central Council Act, 1970 (48 of 1970), Dr. R.N. Singh has been elected by the Faculty of Ayurveda Lucknow University, Lucknow to be a member of he Central Council of Indian Medicine with effect from the 11th July, 1984.

Now, therefore, in exercise of powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the said Act, the Central Government makes the following further amendment in the notification of Government of India in the Ministry of Health and Family Welfare No. S.O. 3259, dated the 21st August, 1971, namely :—

In the said notification under the heading "Elected under clause (b) of sub-section 1 of theSection 3"— after the entries relating to the Aligarh Muslim University, the following entries shall be inserted, namely :—

1	2	3	4
"Lucknow University	Dr. R.N. Singh, Dean, Faculty of Ayurveda Lucknow Unive sity, Lucknow	Ayurveda	11-7-1984"

[No. V. 26013/1/84-AE]
HASIB AHMED, Under Secry.

पैट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली, 27 अप्रैल, 1985

का. आ. 2119—यतः पेट्रोलियम और खनिज पाइप लाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय पेट्रोलियम विभाग की अधिसूचना का. आ. सं. 4386 तारीख 24-11-84 द्वारा केन्द्रीय सरकार ने उस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों के उपयोग के अधिकार को पाइप लाइनों को बिछाने के लिये अर्जित करने का अपना आशय घोषित कर दिया था।

और यतः सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकार को रिपोर्ट दे दी है।

और आगे यतः केंद्रीय सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों में उपयोग का अधिकार अर्जित करने का विनिश्चय किया है।

अब, अतः उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि इस अधिसूचना में संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार पाइप लाइन बिछाने के प्रयोजन के लिये एतद्द्वारा अर्जित किया जाता है।

और आगे उस धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार निर्देश देती है कि उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार केन्द्रीय सरकार में विहित होने की बजाये तेल और प्राकृतिक गैस आयोग में, सभी बाधाओं से मुक्त रूप में घोषणा के प्रकाशन की इस तारीख को निहित होगा।

अनुसूची

एस. बी. ए. सी से सोकासन जी.जी.एस. I तक पाइप लाइन बिछाने के लिये

राज्य– गुजरात जिला व तालुका — मेहसाणा

गांव	ब्लाक नं.	हेक्टेअर	एआरई	सेन्टीअर
कुकस	318	0	09	24

[सं. O–12016/117/84–ओ एन जी–डी 4]

MINISTRY OF PETROLEUM

New Delhi, the 27th April, 1985

S.O. 2119.—Whereas by notification of the Government of India in the Ministry of Energy, Department of Petroleum S.O. 4286 dated 24-11-84 under sub-section (1) of Section 3 of the Petroleum and Minerals Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government declared its intention to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to that notification for the purpose of laying pipeline;

And whereas the Competent Authority has under Sub-section (1) of Section 6 of the said Act, submitted report to the Government;

And further whereas the Central Government has after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to this notification;

Now, therefore, in exercise of the power conferred sub-section (1) of the Section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the schedule appended to this notification hereby acquired for laying the pipeline;

And further in exercise of power conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of vesting in Central Government vest on this date of the publication of this declaration in the Oil & Natural Gas Commission free from encumbrances.

SCHEDULE

Pipeline From SBAC to SOB. GGS I.

State : Gujarat District & Taluka : Mehsana

Village	Block No.	Hectare	Are	Centiare
Kukas	318	0	09	24

[No. O-12016/117/84-OGN-D-4]

का.आ. 2120.—यतः केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि लोकहित में यह आवश्यक है कि गुजरात राज्य में एन. के. 34 से एन. के. जी. जी. एस. I तक पैट्रोलियम के परिवहन के लिये पाइपलाइन तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा बिछाई जानी चाहियें।

और यतः यह प्रतीत होता है कि ऐसी लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिये एतद्पाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित करना आवश्यक है।

अतः अब पैट्रोलियम और खनिज पाइप लाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने उसमें उपयोग का अधिकार अर्जित करने का अपना आशय एतद्द्वारा घोषित किया है ;

बशर्ते कि उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, उस भूमि के नीचे पाइप लाइन बिछाने के लिये आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, निर्माण और देखभाल प्रभाग, मकरपुरा रोड, बडोदरा–9 को इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिनों के भीतर कर सकेगा।

और ऐसा आक्षेप करने वाला हर व्यक्ति विनिर्दिष्टतः यह भी कथन करेगा कि क्या वह यह चाहता है कि उसकी सुनवाई व्यक्तिगत रुप से हो या किसी विधि व्यवसायी की मार्फत।

अनुसूची

एन. के. 34 से एन. के. जी. जी. एस–I तक पाइप लाइन बिछाने के लिये

राज्य – गुजरात जिला व तालुका – मेहसाणा

गांव	सं नं.	हेक्टेयर	एआरई	सेन्टीअर
भटारिया	72/3	0	09	40
	72/2	0	10	60
	71/1ए	0	07	20
	71/2ए	0	02	70
	71/3ए	0	04	90
	71/4	0	07	90
	65/1	0	07	70
	65/2	0	10	80
	65/3	0	03	40
	65/7	0	14	90
	64/9	0	09	20
	87	0	10	90

[सं. O–12016/47/85 – ओ एन जी – डी 4]

S.O. 2120.—Whereas it appears to the Central Government that it is necessary in the public interest that for the transport of petroleum from NK-34 to NK GSS I in Gujarat State pipeline should be laid by the Oil and Natural Gas Commission;

And whereas it appears that for the purpose of laying such pipeline, it is necessary to acquire the right of user in the land described in the scheduled annexed hereto;

Now, therefore, in exercise of the power conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Petroleum and Minerals Pipelines (Acquisition of Right of User in the Land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government hereby declares its intention to acquire the right of user therein :

Provided that any person interested in the said land may, within 21 days from the date of this notification, object to the laying of the pipeline under the land to the Competent Authority, Oil and Natural Gas Commission, Construction and Maintenance Division, Makarpura Road, Vadodara (390009);

And every person making such an objection shall also state specifically whether he wishes to be heard in person or by legal practitioner.

SCHEDULE

Pipeline from K-34 to N KGGS I

State : Gujarat District & Taluka : Mehsana

Village	Survey No.	Hectare	Are	Centiare
Bhataria	72/3	0	9	40
	72/2	0	10	60
	71/1A	0	07	20
	71/2A	0	02	70
	71/3A	0	04	90
	71/4	0	07	90
	65/1	0	07	70
	65/2	0	10	80
	65/3	0	03	40
	65/7	0	14	90
	64/9	0	09	20
	87	0	10	90

[No. O-12016/47/85-ONG-D4]

का. आ. 2121.—यत: पैट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय, पैट्रोलियम विभाग की अधिसूचना का०आ० सं० 4579, तारीख 10-12-84 द्वारा केन्द्रीय सरकार ने उस अधिसूचना में संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों में उपयोग के अधिकार को पाइप लाइनों को बिछाने के लिये अर्जित करने का अपना आशय घोषित कर दिया था।

और यत: सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकार को रिपोर्ट दे दी है।

और आगे यत: केन्द्रीय सरकार ने उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमियों में उपयोग का अधिकार अर्जित करने का विनिश्चय किया है।

अब, अत: उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि इस अधिसूचना में संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार पाइप लाइन बिछाने के प्रयोजन के लिये एतद्द्वारा अर्जित किया जाता है।

और आगे उस धारा की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार निर्देश देती है कि उक्त भूमियों में उपयोग का अधिकार केन्द्रीय सरकार में निहित होने की बजाय तेल और प्राकृतिक गैस आयोग में, सभी बाधाओं से मुक्त रूप में, घोषणा के प्रकाशन की इस तारीख को निहित होगा।

अनुसूची

एन. के. 9 से एन. के. जी. जी. एस.I तक पाइप लाइन बिछाने के लिये

राज्य – गुजरात जिला व तालुका – मेहसाणा

गांव	ब्लाक न.	हेक्टेअर	एआरई	सेन्टीअर
मेमदपुरा	54	0	14	88
	कार्ट ट्रेक	0	01	32
	48	0	01	44
	53	0	12	96
	53	0	02	40

[सं O–12016/131/84–ओएनजी–डी4]

S.O. 2121.—Whereas by notification of the Government of India in the Ministry of Energy, Department of Petroleum S.O. 4579 dated 10-12-84 under sub-section (1) of Section 3 of the Petroleum and Minerals Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government declared its intention to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to that notification for the purpose of laying pipeline;

And whereas the Competent Authority has under sub-section (1) of Section 6 of the said Act, submitted report to the Government;

And further whereas the Central Government has, after considering the said report, decided to acquire the right of user in the lands specified in the schedule appended to this notification;

Now, therefore, in exercise of the power conferred by sub-section (1) of Section 6 of the said Act, the Central Government hereby declares that the right of user in the said lands specified in the schedule appended to this notification hereby acquired for laying the pipeline;

And further in exercise of power conferred by sub-section (4) of that section, the Central Government directs that the right of user in the said lands shall instead of vesting in Central Government vest on this date of the publication of this declaration in the Oil and Natural Gas Commission free from encumbrances.

SCHEDULE

Pipeline From NK-9 to GGS-I

State : Gujarat District & Taluka : Mehsana

Village	Block No.	Hectare	Are	Centiare
Mehmedpura	54	0	14	88
	cart track	0	01	32
	48	0	01	44
	53	0	12	96
	53	0	2	40

[No. O-12016/131/84-ONG-D 4]

का. आ. 2122.—यत: केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि लोकहित में यह आवश्यक है कि प्राकृतिक गैस सरवराह के लिये नामरूप, जिला डिब्रूगढ़, असम में हिन्दुस्तान उर्वरक निगम के नामरूप III एक्सपैन्शन योजना के लिये ओ. एन. जी. सी. जी. जी. एस. न. एक (सी. टी. एफ.) लाकुवा से हिन्दुस्तान उर्वरक निगम, नामरूप तक पाइप लाइन आयल गैस कम्पनी लिमिटेड, दुलियाजान द्वारा बिछाई जानी चाहिए।

और यतः यह प्रतीत होता है कि ऐसी लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिये एतद्‌पाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित करना आवश्यक है।

अतः अब पैट्रोलियम और खनिज पाइप लाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने उसमें उपयोग का अधिकार अर्जित करने का अपना आशय एतद्‌द्वारा घोषित किया है।

बशर्ते कि उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति उस भूमि के नीचे पाइप लाइन बिछाने के लिये आक्षेप सक्षम अधिकारी, उपायुक्त शिवसागर, आसाम के कार्यालय में इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिनों के भीतर कर सकेगा।

और ऐसा आक्षेप करने वाला हर व्यक्ति विनिर्दिष्टतः यह भी कथन करेगा कि क्या वह चाहता है कि उसकी सुनवाई व्यक्तिगत रूप से हो या किसी विधि व्यवसायी की मार्फत।

अनुसूची

ओ. एन. जी. सी. जी. एस. नं. एक, लाकुवा से हिन्दुस्तान उर्वरक निगम, नामरूप तक गैस पाइप लाइन बिछाना

राज्य — आसाम जिला — शिवसागर तालुक — अभयपुर

गांव	पट्टा नं.	दाग नं.	परिक्षा बी.	क.	ल.
आइदेवबारी					
काठनी (द्वितीय भाग)	30 नं. मियादी	362	—	1	2
	कुल क्षेत्रफल		0	1	2
आइदेव बारी चाय बगीचा पहला भाग	21 नं. मियादी	47	1	4	19
	24 " "	48	—	1	17
	34 " "	98	—	1	2
	72 " "	113	—	4	19
	एकसाला	396	—	0	18
	"	99	—	1	4
	"	105	—	0	11
	"	691	—	0	4
	"	180	—	2	8
	कुल क्षेत्रफल		1	3	2

[सं. O-12016/9/85-ओएनजी-डी 4]

